केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई), रुड़की, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), नई दिल्ली की एक घटक इकाई है, जो भवन निर्माण विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान है और इसे भवन निर्माण विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उत्पादन, विकसित करने और बढ़ावा देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सीबीआरआई आश्रय नियोजन, भवन निर्माण सामग्री, संरचना और नींव और आपदा न्यूनीकरण से संबंधित समस्याओं के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी बैकअप प्रदान करने के लिए भवन विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक और बुनियादी अनुसंधान करता है। नई भवन निर्माण सामग्री और निर्माण प्रौद्योगिकियों को विकसित करने और व्यावसायीकरण के लिए विकसित प्रौद्योगिकियों को उद्योग में हस्तांतरित करने के लिए अनुसंधान एवं विकास किया जा रहा है।

सीएसआईआर-सीबीआरआई सीधी भर्ती के आधार पर तकनीकी सहायक के निम्नलिखित रिक्त पदों के लिए उपयुक्त रूप से योग्य, गतिशील, परिणामोन्मुख और समर्पित भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:

| पद का नाम | पदों की संख्या | वेतन स्तर | ऊपरी आयु सीमा (ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को) से अधिक नहीं |
|---|---|---|---|
| तकनीकी सहायक | 24 [यूआर-09, एससी- 02, एसटी-02, ओबीसी (एनसीएल) - 07, ईडब्ल्यूएस – 04] | वेतन मैट्रिक्स लेवल- 6 रु.35400-112400/- | 28 वर्ष* |

**PwBD के लिए आरक्षित दो पद [01-OH और 01-D&HH] शामिल हैं।**

यूआर: अनारक्षित; एससी: अनुसूचित जाति; एसटी: अनुसूचित जनजाति; ओबीसी (एनसीएल): अन्य पिछड़ा वर्ग [नॉन क्रीमी लेयर]; ईडब्ल्यूएस- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; PwBD: बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति।
* कृपया आयु सीमा और छूट कॉलम के अंतर्गत आयु में छूट देखें।

## पद का नाम : तकनीकी सहायक

**कुल पद: 24 पद [यूआर: 09, ओबीसी (एनसीएल): 07, एससी: 02, एसटी: 02, ईडब्ल्यूएस: 04] [पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षित 02 पद शामिल हैं: 01- ओएच और 01-एचएच]**
**वेतन मैट्रिक्स लेवल - 6 (रु. 35400-112400/-)**
**आयु सीमा: 28 वर्ष (कृपया आयु सीमा और छूट कॉलम के तहत आयु में छूट देखें)**

| क्र.सं. | पोस्ट कोड और रिक्ति विवरण | आवश्यक योग्यता |
|---|---|---|
| 1. | टीए20231<br>[कुल = 09 पोस्ट]<br>[यूआर-01 एससी-01, एसटी-01, ओबीसी (एनसीएल)-03, ईडब्ल्यूएस-03]<br>**(09 पदों में से 01 पद PwBD : D&HH के लिए आरक्षित है),** | न्यूनतम 60% अंकों के साथ कम से कम 3 वर्ष की पूर्णकालिक अवधि का सिविल इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा और संबंधित क्षेत्र/विषय में 02 वर्ष का अनुभव।<br>**या**<br>डिप्लोमा पाठ्यक्रम में पार्श्व(लेटरल) प्रवेश के मामले में, सिविल इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में कम से कम 02 वर्ष की पूर्णकालिक अवधि का डिप्लोमा, न्यूनतम 60% अंकों के साथ और संबंधित क्षेत्र/ विषय में 02 वर्ष का अनुभव । |
| 2. | टीए20232<br>[कुल = 03 पद]<br>[यूआर-01, एससी-01, ओबीसी (एनसीएल)-01]<br>**(03 पदों में से 01 पद PwBD : OH के लिए आरक्षित है),** | न्यूनतम 60 % अंकों के साथ कम से कम 3 वर्ष की पूर्णकालिक अवधि का आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग में डिप्लोमा और संबंधित क्षेत्र/ विषय में 02 वर्ष का अनुभव।<br>**या**<br>आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग में पार्श्व(लेटरल) प्रवेश के मामले में कम से कम 02 वर्ष की पूर्णकालिक अवधि का डिप्लोमा, न्यूनतम 60% अंकों के साथ और संबंधित क्षेत्र/ विषय में 02 वर्ष का अनुभव । |
| 3. | टीए20233<br>[कुल = 02 पद]<br>[यूआर-01 और ओबीसी (एनसीएल)-01] | न्यूनतम 60% अंकों के साथ कम से कम 3 वर्ष की पूर्णकालिक अवधि का इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग / टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा और संबंधित क्षेत्र / विषय में 02 वर्ष का अनुभव।<br>**या**<br>डिप्लोमा पाठ्यक्रम में पार्श्व प्रवेश के मामले में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में कम से कम 02 वर्ष की पूर्णकालिक अवधि का डिप्लोमा, न्यूनतम 60% अंकों के साथ और संबंधित क्षेत्र/ विषय में 02 वर्ष का अनुभव । |
| 4. | टीए20234<br>[कुल = 01 पोस्ट]<br>[यूआर-01] | न्यूनतम 60% अंकों के साथ कम से कम 3 वर्ष की पूर्णकालिक अवधि का इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा और संबंधित क्षेत्र/ विषय में 02 वर्ष का अनुभव।<br>**या**<br>डिप्लोमा पाठ्यक्रम में पार्श्व(लेटरल) प्रवेश के मामले में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में कम से कम 02 वर्ष की पूर्णकालिक अवधि का डिप्लोमा, न्यूनतम 60% अंकों के साथ और संबंधित क्षेत्र/ विषय में 02 वर्ष का अनुभव । |
| 5 | टीए20235<br>[कुल = 03 पद]<br>[यूआर-01, ओबीसी (एनसीएल)-01 एवं ईडब्ल्यूएस-01] | न्यूनतम 60% अंकों के साथ कम से कम 3 वर्ष की पूर्णकालिक अवधि का सूचना प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा और संबंधित क्षेत्र/ विषय में 02 वर्ष का अनुभव।<br>**या**<br>सूचना प्रौद्योगिकी में पार्श्व(लेटरल) प्रवेश के मामले में कम से कम 02 वर्ष की पूर्णकालिक अवधि का डिप्लोमा, न्यूनतम 60% अंकों के साथ और संबंधित क्षेत्र/ विषय में 02 वर्ष का अनुभव । |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | टीए20236<br><br>[कुल = 01 पोस्ट]<br><br>[यूआर-01] | न्यूनतम 60% अंकों के साथ 3 वर्ष की पूर्णकालिक अवधि का मैकेनिकल इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा और संबंधित क्षेत्र/ विषय में 02 वर्ष का अनुभव।<br>**या**<br>डिप्लोमा पाठ्यक्रम में पार्श्व(लेटरल) प्रवेश के मामले में मैकेनिकल इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में कम से कम 02 वर्ष की पूर्णकालिक अवधि का डिप्लोमा, न्यूनतम 60% अंकों के साथ और संबंधित क्षेत्र/ विषय में 02 वर्ष का अनुभव। |
| 7. | टीए20237<br>[कुल = 02 पद]<br>[एसटी-01 और ओबीसी (एनसीएल)-01] | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/संगठन से न्यूनतम 60% अंकों के साथ रसायन विज्ञान में बीएससी या समकक्ष, संबंधित विषय में एक वर्ष का अनुभव।<br>**या**<br>बीएससी रसायन विज्ञान या समकक्ष, न्यूनतम 60% अंक और एक वर्ष की पूर्णकालिक व्यावसायिक योग्यता। |
| 8. | टीए20238<br>[कुल = 01 पोस्ट]<br>[यूआर-01] | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/संगठन से न्यूनतम 60% अंकों के साथ बीएससी भौतिकी या समकक्ष और संबंधित विषय में एक वर्ष का अनुभव।<br>**या**<br>न्यूनतम 60% अंकों के साथ बीएससी भौतिकी या समकक्ष और एक वर्ष की पूर्णकालिक व्यावसायिक योग्यता। |
| 9. | टीए20239<br>[कुल = 01 पोस्ट]<br>[यूआर-01] | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/संगठन से न्यूनतम 60% अंकों के साथ बीएससी भूविज्ञान या समकक्ष और संबंधित विषय में एक वर्ष का अनुभव।<br>**या**<br>न्यूनतम 60% अंकों के साथ बीएससी भूविज्ञान या समकक्ष और एक वर्ष की पूर्णकालिक व्यावसायिक योग्यता । |
| 10. | टीए202310<br>[कुल = 01 पोस्ट]<br><br>[यूआर-01] | न्यूनतम 60% अंकों के साथ बीएससी या समकक्ष और बी.लिब.एससी. |

**कार्य अपेक्षाएं: पदधारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए मौजूदा वैज्ञानिक और/या तकनीकी ज्ञान/तरीकों/तकनीकों का उपयोग करें और संस्थागत जनादेश प्राप्त करने के लिए वैज्ञानिकों की सहायता करें।**

**ए. <u>तकनीकी सहायक के लिए चयन प्रक्रिया:</u>**

स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों को ट्रेड टेस्ट के लिए आमंत्रित किया जाएगा। ट्रेड टेस्ट में उत्तीर्ण होने वालों को प्रतियोगी लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम मेरिट सूची प्रतियोगी लिखित परीक्षा में उम्मीदवार के प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी।

**बी. <u>तकनीकी सहायक के लिए परीक्षा का तरीका:</u>**

- इन पदों के लिए तीन पेपर होंगे[पेपर-I , पेपर-II एवं पेपर-III ]
- पेपर-II और III का मूल्यांकन केवल उन्हीं उम्मीद्वारों के लिए किया जाएगा जो पेपर-I में न्यूनतम निर्धारित अंक[चयन समिति द्वारा निर्धारित] प्राप्त करेंगे।
- अंतिम मेरिट सूची केवल पेपर- II और पेपर- III में उम्मीद्वारों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।

| | |
|---|---|
| **परीक्षा का तरीका** | ओएमआर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्पीय परीक्षा |
| **प्रश्नों का माध्यम** | अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों को छोड़कर प्रश्न अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में सेट किए जाएंगे। |
| **परीक्षा का मानक** | डिप्लोमा/स्नातक स्तर [विज्ञापित पद की योग्यता के आधार पर] |
| **प्रश्नों की कुल संख्या** | 200 |
| **कुल आबंटित समय** | 3 घंटे |

**पेपर-I [आबंटित समय-1 घंटा]**

| विषय | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | नकारात्मक अंक |
|---|---|---|---|
| मानसिक योग्यता परीक्षण* | 50 | 100<br>[प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो अंक] | इस पेपर में कोई नकारात्मक अंक नहीं होंगे |

** मानसिक योग्यता परीक्षण इस प्रकार तैयार किया जाएगा कि इसमें सामान्य बुद्धिमत्ता, मात्रात्मक योग्यता, तर्क, समस्या समाधान, परिस्थितिजन्य निर्णय आदि शामिल हों।*

**पेपर – II [आबंटित समय – 30 मिनट]**

| विषय | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | नकारात्मक अंक |
|---|---|---|---|
| सामान्य जागरूकता | 25 | 75<br>[सही उत्तर के लिए तीन अंक प्रत्येक] | प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक नकारात्मक अंक |
| अंग्रेजी भाषा | 25 | 75<br>[प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन अंक] | प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक नकारात्मक अंक |

**पेपर-III [आबंटित समय - 90 मिनट]**

| विषय | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | नकारात्मक अंक |
|---|---|---|---|
| संबंधित विषय | 100 | 300<br>[प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन अंक] | प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक नकारात्मक अंक |

**<u>भत्ते - :</u>**

1. इस पद पर सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की में परिषद के कर्मचारियों के लिए लागू केंद्र सरकार की दरों पर वेतन और भत्ते, जैसे एचआरए और यात्रा भत्ता आदि शामिल हैं । इसके अलावा, रुड़की (उत्तरखंड) में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए, अन्य लाभ जैसे छुट्टी यात्रा रियायत और चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति और बच्चों की शिक्षा भत्ते आदि भी लागू हैं। उपलब्धता के आधार पर सीएसआईआर निवास आबंटन नियमों के अनुसार आवास प्रदान किया जाएगा, जिस स्थिति में एचआरए देय नहीं होगा।
2. नए प्रवेशकों को 01.01.2004 को या उसके बाद केंद्र सरकार की सेवाओं में भर्ती हुए नए प्रवेशकों के लिए स्वीकार्य परिभाषित योगदान पर "नई पेंशन योजना" द्वारा शासित किया जाएगा, इसे सीएसआईआर ने अपने कर्मचारियों के लिए अपनाया है।
3. सीएसआईआर तकनीकी कर्मचारियों के लिए मूल्यांकन पदोन्नति योजना के अंतर्गत योग्य उम्मीदवारों को कैरियर में उन्नति के लिए उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है।
4. पद पर नियुक्ति समय-समय पर संशोधित केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली, 1964, केंद्रीय सिविल सेवा

(वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियमावली, 1965 और अन्य सेवा नियमों के प्रावधानों द्वारा शासित होगी तथा परिषद् सेवक पर लागू होगा और उनकी प्रयोज्यता के संबंध में परिषद् का निर्णय अंतिम होगा।

**<u>आयु सीमा एवं छूट -:</u>**

1 संबंधित श्रेणियों के लिए आरक्षित पदो के लिए एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष तथा ओबीसी (एनसीएल) उम्मीद्वारों के लिए 3 वर्ष आयु सीमा में छूट है। भूतपूर्व सैनिकों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट भारत सरकार के नियमों के अनुसार होगी।

2 बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों को आयु में छूट[PwBD]: ए. अन्धापन और कम दृष्टि से पीड़ित; बी. बहरे और ऊंचा सुनने वाले; सी. सेरेब्रल पाल्सी, ठीक हुए कुष्ठ रोगी, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित तथा मस्कुलर डिस्ट्रॉफी ; डी. ऑटिज्म, बौद्धिक विकलांगता, विशिष्ट सीखने की विकलांगता और मानसिक बीमारी; ई. क्लॉज [ए] से [डी] में बहरे –अन्धे सहित व्यक्तियों में कई विकलांगताएं हों तो व्यक्तियों को आयु में 10 वर्ष की छूट दी जाती है[अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए कुल 15 वर्ष और ओबीसी(एनसीएल) के लिए आरक्षित पदों के संबंध में 13 वर्ष]। इस उप पैरा के अंतर्गत आयु में छूट का दावा करने वाले व्यक्तियों को अपने दावे के समर्थन में निर्धारित प्रोफार्मा में एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो कि शारीरिक विकलांगता की डिग्री 40% या अधिक है। किसी भी स्थिति में, इन उम्मीदवारों की नियुक्ति सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले प्रत्येक व्यक्तिगत पद के लिए सरकार द्वारा निर्धारित मेडिकल फिटनेस के मानकों के अनुसार चिकित्सकीय रूप से फिट पाए जाने के अधीन होगी।

3 भारत सरकार/सीएसआईआर द्वारा समय-समय पर जारी निदेशों और आदेशों के अनुसार सीएसआईआर और इसकी प्रयोगशाओं/संस्थानों, सरकारी विभागों, स्वायत निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत नियमित कर्मचारियों के लिए 05 वर्ष की छूट होगी।

4 बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति केन्द्र सरकार का कर्मचारी होने के कारण आयु में छूट के हकदार हैं, उन्हें रियायत या तो 'बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति' के रूप में या 'केन्द्र सरकार के कर्मचारी' के रूप में, जो भी उनके लिए अधिक फायदेमन्द हो, स्वीकार्य होगी।

5 महानिदेशक, सीएसआईआर के विवेक/अनुमोदन पर असाधारण मेधावी उम्मीदवारों के मामले में आयु सीमा, योग्यता और/या अनुभव में छूट दी जा सकती है। हालांकि, विज्ञापित पदों के संबंध में कोई भी छूट सीएसआईआर/भारत सरकार के नियमों के अनुसार लागू होगी।

6 एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)/पीड्ब्ल्यूबीडी/ईड्ब्ल्यूएस उम्मीदवारों को ट्रेड टेस्ट /लिखित परीक्षा के समय जारीकर्ता प्राधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित निर्धारित प्रारूप में आवश्यक वैध प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। ओबीसी (एनसीएल)/ ईड्ब्ल्यूएस उम्मीदवार को केन्द्र सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति के लिए वैध वर्तमान वर्ष का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

7 सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ईडब्ल्यूएस के अंतर्गत आरक्षण का लाभ उठाया जा सकता है। निर्दिष्ट प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी आय और संपत्ति प्रमाणपत्र केवल ईडब्ल्यूएस से संबंधित उम्मीदवार के दावे के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

8 भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार, विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और पति से न्यायिक रूप से अलग रह रही महिलाओं को ऊपरी आयु सीमा में छूट 35 वर्ष की आयु तक [अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के लिए उनके आरक्षित पदों के संबंध में 40 वर्ष तक] विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और न्यायिक रूप से अपने पतियों से अलग हुई महिलाओं के लिए जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है। इस उप-पैरा के अंतर्गत आयु में छूट का दावा करने वाले व्यक्तियों को निम्नलिखित दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी:-

[ i ] विधवा के मामले में, उसके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, साथ में शपथ पत्र कि उसने तब से दोबारा शादी नहीं की है।

[ii] तलाकशुदा महिलाओं और न्यायिक रूप से अपने पतियों से अलग हुई महिलाओं के मामले में, तलाक या न्यायिक अलगाव के तथ्य को साबित करने के लिए उपयुक्त न्यायालय के फैसले/डिक्री की एक प्रमाणित प्रति, जैसा भी मामला हो, के संबंध में तलाकशुदा महिला होने तथा उन्होंने तब से दोबारा शादी नहीं की है, का एक शपथ पत्र

देना होगा।

9 ऑनलाइन आवेदन पत्र में उम्मीदवार द्वारा भरी गई जन्मतिथि और मैट्रिक/माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र में दर्ज की गई जन्मतिथि को आयु निर्धारित करने के लिए स्वीकार किया जाएगा और परिवर्तन के लिए बाद के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

10 एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)/ईड्ब्यूएस/ईएसएम/पीड्ब्यूबीडी के लिए उपलब्ध आरक्षण लाभ चाहने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे नोटिस में निर्धारित पात्रता के अनुसार ऐसे आरक्षण के हकदार हैं।

**<u>सामान्य शर्तें</u>**

1. निर्धारित शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान/ विश्वविद्यालय से प्राप्त की जानी चाहिए।
2. आयु सीमा/अनुभव/योग्यता निर्धारित करने की तिथि ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि अर्थात् 07.02.2024 से लागू होगी। किसी विषय/कार्य क्षेत्र में अनुभव की अवधि, उस पद के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करना , जहां भी निर्धारित हो, तिथि के बाद से गिना जाएगा।
3. एक उम्मीदवार प्रत्येक व्यक्तिगत पोस्ट कोड से जुड़े सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन कई पोस्ट कोड के लिए आवेदन कर सकता है। हालांकि, उम्मीदवारों को प्रत्येक पद कोड के लिए अलग से अपेक्षित आवेदन शुल्क के साथ आवेदन [प्राथमिक/पंजीकरण विवरण को छोड़कर] भरना होगा।
4. पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, ट्रेड टेस्ट के संचालन और सभी या किसी भी पद को न भरने से संबंधित सभी मामलों में निदेशक, सीएसआईआर-सीबीआरआई का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा और इस संबंध में किसी से कोई पूछताछ या पत्राचार नहीं होगा। इसके अलावा, समकक्ष योग्यता के रूप में योग्यता के दावे के मामले में, उम्मीदवार को सक्षम प्रधिकारी द्वारा इस संबंध में जारी आदेश/पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।
5. प्रत्येक श्रेणी के समक्ष दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और चयन के समय किसी भी तरह से भिन्न हो सकती है। यह विज्ञापन आवश्यक रूप से वास्तव में किए जा रहे चयन के समान नहीं है। चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के दौरान एक निश्चित समय पर प्रचलित सीएसआईआर/भारत सरकार के निदेशों के अधीन है।
6. उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि तक यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि जिस श्रेणी/पद के लिए वह आवेदन कर रहा है, उसके अनुसार उसके पास संबंधित क्षेत्र में आवश्यक शैक्षणिक योग्यता/अनुभव है। केवल न्यूनतम आवश्यक योग्यता पूरी करने से ही उम्मीदवार ट्रेड/लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जाने के हकदार नहीं हो जाते। विधिवत गठित स्क्रीनिंग कमेटी ट्रेड टेस्ट के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीद्वारों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए अपने स्वयं के मानदंड अपना सकती है।
7. अपेक्षित विषय/कार्यक्षेत्र में अनुभव की अवधि, उस पद के लिए आवश्यक निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने की तिथि, जहां निर्धारित हो, तब से गिना जाएगा।
8. अनुभव के रूप में दावा की गई अवधि के लिए नियुक्ति पत्र, कार्यभार ग्रहण करने की अधिसूचना, वेतन प्रमाणपत्र और अनुभव प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने चाहिए। अनुभव प्रमाणपत्र में स्पष्ट रूप से अनुभव की अवधि बतायी जानी चाहिए, जिसमें संबंधित विभिन्न संगठनों/विश्वविद्यालयों में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख और कार्यमुक्त होने की तारीख, जैसाकि उम्मीदवार ने दावा किया है। इसके अलावा अनुभव प्रमाणपत्र संबंधित संगठनों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों के संबंध में ऐसे प्रमाणपत्र जारी करने में सक्षम प्राधिकारी द्वारा ही जारी किया जाना चाहिए।
9. आवेदन में दी गई जानकारी और मूल दस्तावेजों में स्पष्ट जानकारी के बीच पाई गई कोई भी विसंगति उम्मीदवार को पद के लिए अयोग्य बना देगी।
10. यदि प्रस्तुत किया गया कोई दस्तावेज/प्रमाणपत्र हिन्दी या अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में है तो आवेदक द्वारा विधिवत् सत्यापित उसका अंग्रेजी प्रतिलेख जमा करना होगा।
11. विज्ञापित पद सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की के लिए है। हालांकि, चयनित उम्मीदवारों को सीएसआईआर की किसी भी प्रयोगशाला/संस्थान/केन्द्र में तैनात किया जा सकता है।

12. सरकार/सीएसआईआर ऐसे कार्यबल का प्रयास करती है जो लिंग संतुलन को दर्शाता हो और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

13. बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों [पीडीब्लूबीडी] को भारत सरकार/सीएसआईआर निर्देशों के अधीन निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के लिए आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

14. प्रत्येक पद कोड के लिए प्रत्येक उम्मीदवार से केवल एक ही आवेदन पर विचार किया जाएगा। यदि कोई उम्मीदवार अलग-अलग ईमेल आईडी के साथ एक ही पोस्ट कोड के लिए कई ऑनलाइन आवेदन जमा करता है, तो केवल नवीनतम पूर्ण आवेदन पर विचार किया जाएगा।

15. किसी भी रूप में सिफारिश और/या राजनीतिक या अन्यथा कोई प्रभाव डालना पद के लिए अयोग्यता माना जाएगा।

16. उपरोक्त पदों के लिए भर्ती समय-समय पर संशोधित ''तकनीकी और सहायक कर्मचारियों की भर्ती के लिए सीएसआईआर सेवा नियमावली, 1994'' द्वारा शासित होती है। इसलिए, यहां निर्धारित नहीं किए गए अन्य सभी नियम और शर्तें उक्त नियमों के अनुसार लागू होंगी।

<u>आवेदन कैसे करें </u>:

a. योग्य उमीदवारों को https://www.cbri.res.in/career-opportnities/recruitment पर जाकर ऑनलाइन करना होगा।
b. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए कृपया उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध ''ऑनलाइन आवेदन कैसे करें ''अनुदेश'' शुल्क भुगतान प्रक्रिया' और 'आवेदन प्रतिकृति' देखें।
c. आवेदन को तीन अलग-अलग चरणों में जमा किया जाना है, जैसा कि नीचे दिया गया है:-

   i) पंजीकरण [ऑनलाइन]
   *ii)* शुल्क जमा करना [ऑनलाइन], यदि लागू हो।
   *iii)* आवेदन जमा करना [ऑनलाइन]

d. यदि उम्मीदवार के पास वैध ईमेल आईडी नहीं है, तो उसे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले एक नई वैध ईमेल आईडी बनानी चाहिए और पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रखना चाहिए। आवेदन के उपर्युक्त चरणों की तिथि-सीमा इस प्रकार है:-

   1. ऑनलाइन आवेदन के लिए पंजीकरण/शुल्क जमा करने की प्रारंभ तिथि: 10.01.2024 (1700 बजे)
   2. ऑनलाइन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि: 07.02.2024 (1700 बजे)
   3. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 07.02.2024 (1700 बजे)
   4. आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी डाक द्वारा प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 20.02.2024 (1700 बजे)

e. उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान रु.100/- वेबसाइट पर उपलब्ध 'शुल्क भुगतान प्रक्रिया' के अनुसार करना आवश्यक है। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/महिला/सीएसआईआर कर्मचारी/पूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। निर्धारित शुल्क के बिना आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा। ऐसी अस्वीकृति के विरुद्ध किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

f. उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन में निर्दिष्ट स्थान पर अपना नवीनतम पासपोर्ट आकार का स्कैन किया हुआ रंगीन फोटोग्राफ, प्रत्येक हस्ताक्षर [अधिकतम आकार 50केबी] और प्रासंगिक प्रमाणपत्र [अधिकतम आकार 1एमबी] अपलोड करना आवश्यक है।

g. एक बार आवेदन करने के बाद उसे वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए सुरक्षित रखा जा सकता है।

**h.** सीजीपीए/एसजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए/सीपीआई ग्रेड आदि प्रदान करने वाले बोर्ड/विश्वविद्यालयों/संस्थानों के मामले में, उम्मीदवारों को अपने बोर्ड/विश्वविद्यालयों/संस्थानों के अनुसार फॉर्मुले के आधार पर इसे प्रतिशत में परिवर्तित करना आवश्यक है। बोर्ड/विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा जारी सीजीपीए/एसजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए/सीपीआई ग्रेड आदि को प्रतिशत में बदलने के फॉर्मुले की एक प्रति ऑनलाइन आवेदन में अपलोड की जानी है।

**i.** जब आवेदन सफलतापूर्वक सबमिट हो जाए तो इसे अंतिम रूप से स्वीकार कर लिया जाएगा। ऑनलाइन जमा करने के बाद आवेदन का प्रिंट आउट, अपेक्षित प्रमाणपत्र, मार्कशिट, आयु प्रमाण, शैक्षिक योग्यता, अनुभव और जाति प्रमाणपत्र की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ, यदि लागू हो, एक नवीनतम पासपोर्ट आकार का स्व-हस्ताक्षरित फोटोग्राफ चिपकाकर रखना चाहिए और जब भी कार्यालय को इसकी आवश्यकता हो, उसे मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करना चाहिए।

**j.** एक बार जमा किए गए आवेदनपत्र में किसी भी विवरण में परिवर्तन/सुधार के अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

**k.** उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में अपना सही और सक्रिय ई-मेल पता और मोबाइल नंबर भरना होगा क्योंकि पत्राचार केवल ईमेल/एसएमएस के माध्यम से किया जा सकता है।

**l.** किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के नाम/फोटो का दुरुपयोग करके फर्जी/मनगढ़ंत आवेदन/पंजीकरण के मामले में, ऐसे उम्मीदवार/साइबर कैफे को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा और साइबर कानून/आई टी अधिनियम के अंतर्गत उचित कानूनी कार्रवाई के लिए उत्तरदायी ठहराया जाएगा।

**m.** सरकारी/स्वायत्त/पीएसयू से संबंधित उम्मीद्वारों को ट्रेड टेस्ट के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, ऐसा न करने पर उन्हें ट्रेड टेस्ट में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे **इस विज्ञापन के संबंध में परिशिष्ट/शुद्धिपत्र और अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से, कृपया हमारी वेबसाइट** http://www.cbri.res.in **देखें। उम्मीदवारों को कोई अलग से व्यक्तिगत सूचना/सूचना नहीं भेजी जाएगी। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से सीबीआरआई की वेबसाइट देखते रहें।**

**n.** ट्रेड टेस्ट/लिखित परीक्षा इत्यादि के लिए ई-एडमिट कार्ड/रोल नम्बर जारी किए जाएंगे। उम्मीदवारों को अलग से कोई कॉल लेटर नहीं भेजे जाएंगे। सभी सूचनाएं/संचार आवेदन पत्र में उम्मीदवार द्वारा उल्लिखित पते पर ईमेल द्वारा भेजे जाएंगे।

**o.** अभ्यर्थियों को यह बताना चाहिए कि क्या उनके किसी रक्त/निकट रिश्तेदार [सरकारी कर्मचारी की पत्नी या पति, बेटा या बेटी, माता-पिता, भाई या बहिन या रक्त संबंधी या विवाह द्वारा उनमें से किसी से संबंधित कोई व्यक्ति शामिल है, चाहे वे सरकारी कर्मचारी पर निर्भर है या नहीं] केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्थान(सीबीआरआई) या सीएसआईआर की किसी अन्य राष्ट्रीय प्रयोगशाला/संस्थान में कार्यरत है।

**p.** **ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद, आवेदन प्रपत्र डाउनलोड करें और उसे विधिवत् हस्ताक्षरित करके निदेशक, सीएसआईआर-केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रुड़की-247 667 को प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ भेजें। यदि उम्मीदवार पहले से ही सरकारी सेवा/पीएसयू/स्वायत्त निकाय आदि में कार्यरत है तो उसे अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजना चाहिए।**

**ऑनलाइन आवेदन पत्र की मूल/हार्ड कॉपी [प्रिंट-आउट] के साथ उम्मीदवार को निम्नलिखित दस्तावेज तैयार रखने होंगे और कार्यालय द्वारा आवश्यकता पड़ने पर प्रस्तुत करना होगा:-**

A. फॉर्म पर रंगीन फोटो चिपकाएं और उस पर पूरे हस्ताक्षर करें।

B. 10वीं/12वीं की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी जन्मतिथि दर्शाने वाला प्रमाणपत्र

C. शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी
D. एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी
E. जब भी आवश्यकता हो, अनुभव प्रमाणपत्र की स्व- सत्यापित फोटोकॉपी ।

सीएसआईआर-सीबीआरआई ऑनलाइन विवरण प्रस्तुत करने में किसी भी विसंगति के लिए जिम्मेदार नहीं है। इसलिए आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे निदेशों का सख्ती से पालन करें। आवेदक द्वारा प्रस्तुत विवरण को अंतिम माना जाएगा और आवेदन की आगे की प्रक्रिया केवल इन विवरणों पर आधारित होंगी। विज्ञापन में दिए गए निदेशों को अच्छी तरह से पढ़े बिना किसी भी पत्राचार के माध्यम से किए गए तुच्छ (बिना गम्भीरता) के अभ्यावेदन/स्पष्टीकरण पर विचार नहीं किया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन सत्यापन नियम और डिज़ाइन विज्ञापन आवश्यकताओं पर आधारित हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें और आवेदन पोर्टल पर "अनुदेश" पृष्ठ देखें। ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से प्रस्तुत आवेदन का अर्थ यह नहीं है कि उम्मीदवार ने विज्ञापन में दिए गए सभी मानदंडों को पूरा किया है। आवेदन बाद की जांच के अधीन है और किसी भी समय अपात्र पाए जाने पर निरस्त किया जा सकता है।

आरक्षित पदों पर नियुक्तियाँ अनंतिम होंगी और उचित माध्यम से जाति प्रमाणपत्रों के सत्यापन के अधीन होंगी। यदि सत्यापन से पता चलता है कि उम्मीदवार का दावा एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी से संबंधित है, गलत है या यह पता चलता है कि उम्मीदवार का नॉन-क्रीमी लेयर से संबंधित दावा गलत है, तो उसकी सेवाएं बिना कोई और कारण बताए तुरंत समाप्त कर दी जाएंगी। और ऐसी आगे की कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, गलत प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के लिए भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जा सकती है।

**किसी भी अंतरिम पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा**

**किसी भी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण को अंतिम माना जाएगा ।**

**प्रशासनिक अधिकारी**